**Regarding establishment of IIT in Bhiwani- Mahendergarh Parliamentary Constituency, Haryana**

श्री धर्मबीर सिंह **(**भिवानी**-**महेन्द्रगढ़**) :** सभापति जी, केंद्र सरकार ने हरियाणा में एक नया आईआईटी खोलने की घोषणा की है । मेरा लोक सभा क्षेत्र एनसीआर रीजन में आता है और इसका मात्र दो घंटे का रास्ता है । नेशनल हाईवे के ऊपर मेरे तीन डिस्ट्रिक्ट्स लगते हैं, भिवानी, दादरी और महेन्द्रगढ़ । 300 एकड़ से लेकर 500 एकड़ तक पंचायतों ने फ्री ऑफ कॉस्ट जमीन के प्रस्ताव स्टेट गवर्नमेंट को भेजे हैं कि यह आईआईटी मेरे क्षेत्र में बनाया जाए ।

एनवायरनमेंट के हिसाब से दिल्ली में प्रदूषण बहुत रहता है और हमारा क्षेत्र प्रदूषण रहित है । देश के लगभग सभी राज्यों में, उत्तर पूर्वी राज्यों को छोड़कर, अलग-अलग आईआईटी की स्थापना हो चुकी है । अभी तक हरियाणा इससे वंचित है । इससे भी बड़ी बात यह है कि हरियाणा के बाकी जिलों में कई महत्वपूर्ण संस्थान और अनुसंधान केन्द्र पहले से मौजूद हैं । राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरूक्षेत्र में है, पंचकुला में फैशन डिजाइनर का केन्द्र है, रोहतक में भी एक प्रबंधन संस्थान है । झझर और भिवाड़ी में एम्स है, लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र चरखी-दादरी, भिवानी या महेन्द्रगढ़ में अभी तक राष्ट्रीय स्तर का कोई भी बड़ा संस्थान स्थापित नहीं हुआ है । यदि आईआईटी की स्थापना होती है तो न केवल इससे इस क्षेत्र में युवाओं को उच्च तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा बल्कि पूरे क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास भी होगा ।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि हरियाणा में नयी प्रस्तावित आईआईटी को मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी, महेन्द्रगढ़ में लाया जाए । हमारे यहां पाली में एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है, उस यूनिवर्सिटी के अंदर एक एजुकेशन टाउनशिप बनायी जाए । वहां एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी है, जिसमें मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, स्टेस्टिक्सकल रिसर्च इंस्टीट्यूट या नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, नेशनल फैशन डिजाइनर और केन्द्रीय विद्यालय है । वहां टोटल 500 एकड़ का रकबा है । इसे एजुकेशन टाउनशिप के रूप में चेंज कर दिया जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** सुश्री इकरा चौधरी**-**उपस्थित नहीं ।